## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.04.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने रांची में होनेवाली सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा की, कहा– खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
2. रांची में भाजपा नेता अनिल टाइगर हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, शूटर समेत पांच अपराधी गिरफ्तार।
3. रांची में 14 अप्रैल से होनेवाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के महाधिवेशन की तैयारी को लेकर हुई बैठक, भाजपा ने झामुमो पर एससी और ओबीसी की अनदेखी का लगाया आरोप।
4. रांची, पलामू, हजारीबाग समेत राज्य के कई हिस्सों में हुई झमाझम बारिश, मौसम विभाग ने कल भी बारिश के लिए जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
5. खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अठारह वर्ष आयु वर्ग में झारखंड की महिला और पुरुष हॉकी टीम के लिए रांची में 14 अप्रैल को होगा चयन ट्रायल, दिशानिर्देश जारी।

समाचार विस्तार से

**********************

राजधानी रांची में तीन मई से पांच मई तक होनेवाली सीनियर साउथ एशियन फैडरेशन एथलेटिक्स–सैफ चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर खेल मंत्री सुदिव्य कुमरा सोनू ने समीक्षा बैठक की। खेल मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में खेलों को नई ऊंचाई देने और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। मंत्री ने मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम का निरीक्षण कर आयोजन से पहले स्टेडियम की सभी आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।

उधर रांची के रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में आय़ोजित कार्यक्रम में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने युवाओं को अपराधों को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी

**********************

राजधानी रांची में भाजपा नेता अनिल टाइगर हत्याकांड का रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने शूटर समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि अनिल टाइगर की हत्या जमीन विवाद में हुई है। इस मामले में डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के द्वारा बनाई एसआईटी टीम का गठन किया गया था।

उधर, सरायकेला खरसांवा जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से 14 और 15 अप्रैल को रांची के खेलगांव में होनेवाले दो दिवसीय महाअधिवेशन को लेकर रांची में पार्टी की एक बैठक हुई। बैठक के बाद झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि महाधिवेशन में झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों से भी पार्टी के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

उधर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो पर एससी और ओबीसी की उपेक्षा आरोप लगाते हुए नया कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की मांग की ।

**********************

लोहरदगा स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि एनडीए के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। श्रीसहाय ने कहा कि दूसरी ओर झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है।

**********************

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय और एडवरटाइजिंग एजेंसीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स की मेक द वर्ल्ड वियर खादी प्रतियोगिता के लिए अंतिम प्रतिभागियों की घोषणा कर दी है। मुंबई में एक से चार मई तक होनेवाली इस समिट के लिए इमान सेनगुप्ता और सोहम घोष

का  हावास वर्ल्डवाइड इंडिया श्रेणी, कार्तिक शंकर और मधुमिता बसु का  22फीट ट्राइबल श्रेणी, काजल तिरलोटकर का इंटरएक्टिव एवेन्यूज श्रेणी, तन्मय रावल और मंदार महादिक का डीडीबी मुद्रा ग्रुप श्रेणी के लिए चुना गया है। अंतिम विजेताओं की घोषणा वेव्स समिट 2025 के दौरान की जायेगी।

**********************

गढ़वा जिले में पिछले आठ अप्रैल से राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का आयोजन शुरू किया गया है। इसके तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रत्येक दिन निर्धारित थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

**********************

समाज को जीयो और जीने दो का सन्देश देने वाले भगवान महावीर की जयंती पर आज राज्यभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसे लेकर जैन समाज की ओर से रांची, खूंटी, सिमडेगा, पाकुड़, गिरिडीह, जमशेदपुर, हजारीबाग और धनबाद सहित अन्य शहरों में शोभायात्रा निकाली गयी।

**********************

रांची, पलामू, हजारीबाग, चतरा, लोहरदगा समेत राज्य के कई हिस्सों में आज झमाझम बारिश हुई। वहीं, कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई है। मौसम विभाग ने कल भी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**********************

**कुछ संक्षिप्त खबरें**

- सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बीआर गवई ने देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। इससे पहले देवघर एयरपोर्ट पर उनका झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण मिश्र, जस्टिस आनंद सेन और उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने उनका स्वागत किया।
- राजधानी रांची में लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल और भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन कर 200 लोगों की जांच की गई।

**********************

बिहार के राजगीर में सात से तेरह मई तक होनेवाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अठारह वर्ष आयु वर्ग में झारखंड की महिला और पुरुष टीम के लिए राजधानी रांची में 14 अप्रैल को चयन ट्रायल होगा। इसे लेकर राज्य के खेलकूद विभाग और हॉकी झारखंड ने तैयारी पूरी कर ली है। झारखंड हॉकी टीम के महिला और पुरुष दोनों वर्ग का चयन ट्रायल रांची के मोरहाबादी सिथत मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। इसे लेकर दिशा—निर्देश  जारी  कर  दिया गया है।

*****************